# Item Bank

## कक्षा – 6

### (Preparatory Level)

## विषय – हिंदी

राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्
छत्तीसगढ़, शंकर नगर, रायपुर

**SEAS के अभ्यास हेतु**

**ITEM BANK**

**कक्षा – 6, विषय – हिंदी**

**(Preparatory Level)**

**प्रत्येक प्रश्न के उत्तर के रूप में चार विकल्प दिये गये है सही विकल्प चुनकर उस पर घेरा ○ बनाइये ?**

**निर्देश - निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िये और इसके नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प पर गोला लगाइये ?**

ठेठरी-खुरमी पकवान मुख्य रूप से तीजा, दशहरा, दिपावली एवं होली के त्यौहारो में बनाया जाता है। खुरमी को बनाने के लिए गेहूँ का आटा गुड़, घी, तिल की आवश्यकता होती है और ठेठरी बनाने के लिए चना का बेसन, नमक अजवाइन की आवश्यकता होती है। यह पकवान खाने में स्वादिष्ट होते है। ठेठरी-खुरमी को बनाना बहुत आसान है। खुरमी बनाने के लिये गेहूँ के आटे में घी और तिल डालकर गुड़ की पानी से गुथा जाता है फिर छोटे टुकड़ों में काटकर तेल में तलकर खुरमी बनाया जाता है (ठेठरी बनाने के लिये चना बेसन में अजवाइन डालकर थोड़ी मात्रा तेल और स्वाद अनुसार नमक डालकर आटे को गुथा जाता है, फिर उसकी पतली लड़ियों को गोलाकार बनाकर तेल में तला जाता है। इसको खाने से हमारे शरीर को कार्बोहाइड्रेट प्रोटीन्स एवं अन्य पोषक तत्व की भी पूर्ति होती है।

प्रश्न 1. गद्यांश में वर्णित 'खुरमी' बनाने के लिए मुख्य सामग्री क्या होगी -

(A) घी (B) गुड़

(C) आटा (D) तिल

प्रश्न 2. ठेठरी-खुरमी को कब बनाया जाता हैं -

(A) शादी में (B) जन्मोत्सव में

(C) हरेली में (D) तीजा, होली, दिपावली त्यौहारो में

प्रश्न 3. ठेठरी-खुरमी को बनाना बहुत आसान हैं।" वाक्य में रेखांकित शब्द का विलोम क्या होगा -

(A) सरल (B) सुखद

(C) कठिन (D) कठोर

प्रश्न 4. ठेठरी का स्वाद कैसा होता हैं -

(A) मीठा (B) कड़वा

(C) नमकीन (D) स्वादहीन

प्रश्न 5. बेसन किससे बनता हैं -

(A) उडद दाल (B) अरहर दाल

(C) चना दाल (D) मुंग दाल

निर्देश : निम्नलिखित तालिका का अवलोकन करते हुए प्रश्नों से उत्तर में सही विल्कप पर गोला लगाइए।

**पलाश की अर्धवार्षिक मूल्यांकन समय सारणी 2023-24**

**कक्षा - 5 समय - सुबह 10.00 बजे से 12.30 तक**

| क्र. | दिनांक | दिन | विषय | मौखिक एवं लिखित |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 20/10/2023 | सोमवार | हिंदी | मौखिक एवं लिखित |
| 2 | 23/10/2023 | गुरूवार | अंग्रेजी | मौखिक एवं लिखित |
| 3 | 25/10/2023 | शनिवार | पर्यावरण | लिखित |
| 4 | 28/10/2023 | मंगलवार | गणित | लिखित |
| 5 | 30/11/2023 | गुरुवार | पर्यावरण | मौखिक |
| 6 | 02/12/2023 | शनिवार | गणित | मौखिक |

प्रश्न 6. समय सारणी के अनुसार 23/10/2023 एवं 28/10/2023 दिनांक को कौन-सा दिन होगा -

(A) सोमवार और शनिवार (B) सोमवार एवं मंगलवार

(C) गुरूवार और शनिवार (D) गुरूवार और मंगलवार

प्रश्न 7. पलाश की अर्धवार्षिक कुल कितने दिनों में समाप्त होगी ?

(A) दस दिन (B) ग्यारह दिन

(C) तेरह दिन (D) आठ दिन

प्रश्न 8. अर्धवार्षिक शब्द का अर्थ क्या होगा ?

(A) माह में एक बार (B) सप्ताह में एक बार

(C) छः माह में एक बार (D) वर्ष में एक बार

प्रश्न 9. पर्यावरण विषय की परीक्षा देने के लिए पलाश कौन-कौन से दिन जाएगा ?

(A) शनिवार एवं मंगलवार (B) शनिवार एवं मंगलवार

(C) शनिवार एवं गुरूवार (D) शनिवार एवं सोमवार

प्रश्न 10. सोमवार एवं मंगलवार को पलाश कौन-कौन से विषय की परीक्षा देगा ?

(A) हिन्दी - गणित (B) हिन्दी - अंग्रेजी

(C) अंग्रेजी - पर्यावरण (D) गणित – अंग्रेजी

**दिये गये विज्ञापन/पोस्टर का अवलोकन कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिये –**



**चलो पेड़ लगाएँ**
**पर्यावरण स्वच्छ बनाएँ**
**पौधा लगाओ पेड़ बनाओ,**
**मिलेगे रुपये हजार**
**खुशहाल जीवन सभी का हो**
**धरती का श्रृंगार।**

प्रश्न 11. प्रदर्शित पोस्टर किनके द्वारा जारी किया गया है -

(A) स्कूल शिक्षा विभाग (B) पंचायत विभाग
(C) जल संसाधन विभाग (D) पर्यावरण मंत्रालय

प्रश्न 12. हजार रुपये कब मिलेंगे?

(A) पौधे लगाने पर (B) पेड़ काटने पर
(C) पौधा लगाकर पेड़ बनाने पर (D) मिट्टी खोदने पर

प्रश्न 13. धरती का श्रृंगार किससे होता है ?

(A) कपड़ो से (B) मशीनों से
(C) पेड़ पौधों से (D) इंसानों से


प्रश्न 14. ''छोटा पौधा, बड़ा पौधा'' में 'छोटा' और 'बड़ा' क्या है?

(A) संज्ञा (B) सर्वनाम
(C) क्रिया (D) विशेषण

प्रश्न 15. ''पौधा'' और ''पौधे'' है?

(A) स्त्रीलिंग और पुल्लिंग (B) एकवचन और बहुवचन
(C) संज्ञा और सर्वनाम (D) कर्ता और क्रिया

निर्देश - प्रा.शा.नारायणपुर सूचना-फलक में बच्चों द्वारा बनाये गये चित्र/अखबार लगाये गये हैं।
इन्हें पढ़कर सही विकल्प पर गोला लगाओ –




प्रश्न 16. कविता कौन सी कक्षा की छात्रा है-

(A) पहली (B) दूसरी
(C) तीसरी (D) चौथी

प्रश्न 17. सुनील ने अपने चित्र में क्या संदेश दिया है-

(A) हमेशा हाथ धोये स्वच्छ रहें (B) हमेशा हाथ धोये एवं स्वच्छ रहे
(C) हमेशा हाथ धोये (D) हमेशा पानी बचाये

प्रश्न 18. समाचार पत्र के अनुसार करोना संक्रमित मरीजो की संख्या सबसे ज्यादा कहाँ है ?

(A) रायपुर (B) दंतेवाड़ा
(C) दुर्ग (D) कोरबा

प्रश्न 19. अंजलि ने पहला सुविचार क्या लिखा है -

(A) लगन, रूचि, उत्साह से विद्या कभी प्राप्त नही होगी
(B) लगन, रूचि के बिना विद्या कभी प्राप्त नही होगी
(C) बिना लगन, रूचि, उत्साह के विद्या कभी प्राप्त नही होगी
(D) लगन, उत्साह के बिना विद्या कभी प्राप्त नही होगी

प्रश्न 20. 'रूचि'शब्द का पर्यायवाची शब्द कौन-सा है -

(A) अरूचि (B) अनिच्छा
(C) कुरूचि (D) इच्छा

प्रश्न 21. आत्मविश्वास का अर्थ क्या है ?

(A) अतिविश्वास (B) स्वयं पर विश्वास

(C) अविश्वास (D) विश्वास

**सूचना**

**शासकीय प्राथमिक शाला, रेलवे कॉलोनी जगदलपुर**

दिनांक - 10 जुलाई 2023

सभी विद्यार्थियों को सूचित किया जात है कि शाला में निर्धन बच्चो के लिए एक ’पुस्तक कोष’ बनाया गया है, जिसमें आप सभी स्वेच्छा से अपनी पुरानी पुस्तकों को कोष में 20 जुलाई 2023 तक प्रातः 11.00 बजे से 12.00 तक जमा कर सकते हैं। इन पुस्तकों से निर्धन बच्चों की आवश्यकताओं को पूरा करने का प्रयास किया जावेगा

**अंकिता**

**प्रधानाचार्य**

प्रश्न 22. ‘पुस्तकोष’ किसके लिए बनाया गया है ?

(A) छात्रों के लिए (B) छात्राओं के लिए

(C) बच्चों के लिए (D) निर्धन बच्चों के लिए

प्रश्न 23. यह सूचना कब निकाली गई ?

(A) 20 जुलाई 2023 (B) 10 जुलाई 2023

(C) 20 जुलाई 2022 (D) 10 जुलाई 2022

प्रश्न 24. पुरानी पुस्तकों को कहाँ जमा किया जा सकता है ?

(A) स्कूल में (B) कक्षा में

(C) दान कोष में (D) पुस्तक कोष में

प्रश्न 25. प्रधानाचार्य का नाम क्या है ?

(A) अंकिता शर्मा (B) अंकिता सोनकर

(C) अंकिता एक्का (D) अंकिता

प्रश्न 26. निर्धन का विलोमार्थी शब्द कौन-सा है ?

(A) सज्जन (B) गरीब

(C) धनी (D) धनहीन

प्रश्न 27. प्रयास शब्द का अर्थ क्या है ?

(A) स्वेच्छा (B) कोष

(C) पुरानी (D) कोशिश

**निर्देश : -  गद्यांश पढ़कर प्रश्नों के सही उत्तर दीजिये -**

कछुआ एक ऐसा जानवर है जो जल और जमीन दोनों जगहो पर रह सकता है। कछुए की 'खाल' इतनी कठोर होती है कि दूसरे जानवर उसे तोड़ नहीं पाते। जब भी उसे लगता है कि कोई जानवर उसे खाने आ रहा है, तब वह झट से अपना सिर और पैर अपनी खाल के अंदर कर लेता है। इस तरह उसकी खाल कवच का काम करती है। कछुआ पृथ्वी पर एक मात्र ऐसा जीव हैं जो सबसे अधिक दिनों तक जिंदा रहता हैं | कछुआ अपने भोजन के रूप में जल में रहने वाले कीड़ों एवं छोटी मछलियों को खाता हैं |

प्रश्न 28. गद्यांश कहानी में किसके बारे में बताया गया है -

(A) कछुए के बारे में  (B) जमीन के बारे में
(C) जल के बारे में  (D) कवच के बारे में

प्रश्न 29. कछुआ कहाँ रहता है?

(A) केवल जल में  (B) केवल जमीन में
(C) जल और जमीन दोनों में  (D) केवल मिट्टी में

प्रश्न 30. दूसरे जानवर कछुए की खोल को क्यों नहीं तोड़ पाते ?

(A) कांटे लगे होने के कारण  (B) कड़ुआ होने के कारण
(C) बेस्वाद होने के कारण  (D) कठोर होने के कारण

प्रश्न 31. जब कोई जानवर कछुए के पास उसे खाने जाता है तब कछुआ झट से अपना सिर और पैर अपनी खोल के अन्दर क्यों कर लेता है?

(A) अपने बचाव के कारण  (B) गर्मी के कारण
(C) ठंडी के कारण  (D) शर्म के कारण

प्रश्न 32. कछुआ झट से अपना पैर सर खोल के अंदर कर लेता हैं रेखांकित शब्द का आशय है -

(A) तुरंत  (B) बाद में
(C) अचानक  (D) एकाएक

निर्देश : निम्नलिखित तालिका को देखकर दिए गए प्रश्नों के उत्तर में सही विकल्प पर गोला बनाइए -

| **बच्चों के नाम** | **प्राथमिकता के आधार पर पसंद किये गये फूलों की सूची** | | | |
|---|---|---|---|---|
| रागिनी | आम | सीताफल | केला | जामुन |
| पराग | पपीता | जामुन | अंगूर | सीताफल |
| शहनाज | आम | संतरा | पपीता | अंगूर |
| पीटर | अंगूर | आम | केला | सीताफल |
| रेखा | सीताफल | जामुन | आम | केला |

प्रश्न 33. कौन सा फल तीन से अधिक लोगों को पसंद है -

(A) जामुन
(B) सीताफल
(C) केला
(D) अंगूर

प्रश्न 34. रागिनी की तरह आम और सीताफल किन दो बच्चों को पसंद है -

(A) पराग और शहनाज
(B) रेखा और पीटर
(C) रेखा और पराग
(D) शहनाज और पीटर

प्रश्न 35. कौन-कौन सा फल सबसे अधिक पंसद किया गया -

(A) आम - सीताफल
(B) अंगूर - सीताफल
(C) जामुन - आम
(D) केला - पपीता

प्रश्न 36. कौन-सा फल सबसे कम पंसद किया गया है -

(A) जामुन
(B) अंगूर
(C) पपीता
(D) संतरा

प्रश्न 37. जामुन फल का रंग होता है -

(A) जामुनी
(B) लाल
(C) सफेद
(D) काला

प्रश्न 38. कौन-से फल में सबसे अधिक बीज पाये जाते है -

(A) पपीता
(B) सीताफल
(C) अंगूर
(D) आम

निर्देश : निम्नलिखित तालिका को देखकर दिए गए प्रश्नों के उत्तर में सही विल्कप पर गोला लगाइए –

| क्र. | छात्र/छात्रा का नाम | हिन्दी | अंग्रेजी | गणित |
|---|---|---|---|---|
| 1 | भास्कर | A | B | A |
| 2 | मानसी | A | A | B |
| 3 | सलीम | B | B | D |
| 4 | रीमा | A | C | B |
| 5 | टिकेशवर | A | B | C |
| 6 | सीता | A | A | A |

प्रश्न 39. किस विषय में विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम बहुत अच्छा रहा -

(A) हिन्दी (B) अंग्रेजी

(C) गणित (D) पर्यावरण

प्रश्न 40. किस विषय में छात्रों का परीक्षा परिणाम बहुत अच्छा रहा -

(A) हिन्दी (B) पर्यावरण

(C) गणित (D) अंग्रेजी

प्रश्न 41. किन छात्राओं ने दो से अधिक विषयों में A ग्रेड प्राप्त किया है -

(A) मानसी - सीता (B) मानसी - रीमा

(C) सीता - रीमा (D) रीमा - भास्कर

प्रश्न 42. भास्कर की तरह किस विद्यार्थी का ग्रेड हिन्दी एवं गणित विषय में समान है ?

(A) सलीम (B) सीता

(C) टिकेश्वर (D) रीमा

प्रश्न 43. किन-किन विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम अधिकांश विषयों में अच्छा रहा है ?

(A) भास्कर - सीता (B) भास्कर – सलीम

(C) टिकेश्वर - रीमा (D) रीमा - मानसी

निर्देश — प्रदर्शित विज्ञापन पोस्टर देखकर सही उत्तर पर गोला लगाओ।

**मुनिया की स्टेशनरी**

जल्दी करे यह ऑफर
केवल 15 दिनों के लिए है।



टीप - किसी भी सामान की खरीदी पर मुफ्त उपहार जरूर पाए |

| सामान | मूल्य | ऑफर |
|---|---|---|
| पेन | 10 रु | 1 में 1 फ्री |
| कॉपी | 35 रु | 1 में 1 फ्री |
| रबर | 8 रु | 1 में 1 फ्री |
| केल्कुलेटर | 250 रु | 1 में 2 कॉपी फ्री |
| कलर | 25 रु | 1 में 2 रबर फ्री |
| पेंसिल | 5 रु | 1 में 1 फ्री |

प्रश्न 44. यह विज्ञापन पोस्टर किसका है?

(A) गुड़िया की खिलौने की दुकान का
(B) मुनिया डेली नीड्स का
(C) मुनिया की स्टेशनरी का
(D) लड़की की कॉपी किताब की दुकान का

प्रश्न 45. मुनिया ने अपनी स्टेशनरी में क्या ऑफर दिया है -

(A) सब कुछ फ्री में देने का
(B) सब कुछ आधी कीमत में देने का
(C) सभी सामानों के साथ 1 के साथ 1 फ्री देने का
(D) सभी सामानों में कुछ न कुछ फ्री देने का

प्रश्न 46.''रबर'' फ्री में पाने के लिए तुम क्या-क्या खरीद सकते हो?

(A) पेन और कॉपी
(B) कॉपी और पेंसिल
(C) पेन और केल्कुलेटर
(D) रबर और कलर

प्रश्न 47. मुनिया की स्टेशनरी में ऑफर कितने दिनों तक के लिए है ?

(A) 10 दिन
(B) 15 दिन
(C) 30 दिन
(D) 1 सप्तांह

प्रश्न 48. मुनिया की स्टेशनरी में सबसे कम मूल्य का सामान है ?

(A) केल्कुलेटर
(B) पेन
(C) रबर
(D) पेंसिल

**निर्देश : निम्नलिखित सुचना के आधार पर प्रश्नों के उत्तर में सही विकल्प पर गोला लगाइए -**



प्रश्न 49. मेला जाने के लिए आप कैसी पोशाक पहनेंगे ?

(A) रंग-बिरंगी पोशाक
(B) स्कूल की ड्रेस
(C) साड़ी
(D) पुराने कपड़े

प्रश्न 50. मेले का आयोजन क्यों किया जाता है ?

(A) व्यापार बढ़ाने के लिए
(B) नाराजगी जताने के लिए
(C) उत्सव मनाने के लिए
(D) बिना किसी उद्देश्य के

प्रश्न 51. चित्र में मिठाई वाला क्या कर रहा है-

(A) पेड़ा बना रहा है
(B) जलेबी बना रहा है
(C) कुछ नही कर रहा है
(D) रसगुल्ला बना रहा है

प्रश्न 52. लड़की क्या खरीद रही है ?

(A) मिठाई
(B) गुड़िया
(C) गुब्बारा
(D) सब्जी

प्रश्न 53. मेले में बच्चो को .............?

(A) अकेले घूमना चाहिए
(B) सिर्फ अपने दोस्तो के साथ घूमना चाहिए
(C) बड़ो का हाथ पकड़कर घूमना चाहिए
(D) बिल्कुल भी नही घूमना चाहिए

**चित्रकला प्रतियोगिता के आयोजन हेतु**

समस्त विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि शाला की ओर से 'बाल दिवस' के अवसर पर चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी। यह प्रतियोगिता दिनांक 14 नवंबर 2023 को प्रातःकाल 10.30 बजे से 1.30 बजे तक शाला के प्रागंण में आयोजित होने वाली है। प्रतियोगिता के इच्छुक सभी विद्यार्थी अपना नाम, कक्षा एवं वर्ग का ब्यौरा कक्षा शिक्षक को दिनांक 12.11.2023 तक अवश्य लिखवा दें।

**सचिन**

**सचिव (बाल केबिनेट)**

प्रश्न 54. चित्रकला प्रतियोगिता क्यों आयोजित की जायेगी ?

(A) बाल दिवस के अवसर पर
(B) शिक्षक दिवस के अवसर पर
(C) पर्यावरण दिवस के अवसर पर
(D) योग दिवस के अवसर पर

प्रश्न 55. बाल दिवस कब मनाया जाता है ?

(A) 10 नवंबर को
(B) 12 नवंबर को
(C) 14 नवंबर को
(D) 16 नवंबर को

प्रश्न 56. बाल दिवस किसके जन्मदिन पर मनाया जाता है ?

(A) डॉ. अब्दुल कलाम
(B) डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन
(C) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद
(D) पंडित जवाहर लाल नेहरू

प्रश्न 57. बाल दिवस पर कौन-सी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ?

(A) कहानी लिखना
(B) चित्रकला
(C) कविता लिखना
(D) पत्र लिखना

प्रश्न 58. 'प्रागंण' शब्द का समानार्थी शब्द कौन-सा है ?

(A) आंगन (B) अंकन

(C) झंडा (D) चंदन

प्रश्न 59. चित्रकला प्रतियोगिता कितने बजे से आयोजित की जायेगी ?

(A) प्रातः 10.30 बजे से (B) प्रातः 10.00 बजे से

(C) प्रातः 11.00 बजे से (D) प्रातः 11.30 बजे से

**निर्देश : - गद्यांश पढ़कर प्रश्नों के सही उत्तर दीजिये -**

नमकपुर गाँव में पीलू नाम की बकरी रहती थी। उसका एक छोटा सा बच्चा था। एक दिन वह बच्चा घूमते-घूमते जंगल की ओर चला गया। बकरी के बच्चे को एक भेड़िए ने पकड़ लिया। तभी बच्चे को ढूँढ़ते – ढूँढ़ते बकरी वहाँ पहुँच गई। उसने भेड़िए से कहा - ''हमें तो जंगल के राजा शेर ने बुलाया है। अगर आप इसे खाएँगें तो शेर आपको छोड़ेगा नहीं।'' इतना सुनते ही भेड़िया वहाँ से भाग गया। बकरी अपने बच्चे को लेकर वापस गाँव आ गई।

प्रश्न 60. बकरी कौन से गाँव में रहती थी ?

(A) कमनपुर (B) मनकपुर

(C) नमकपुर (D) खमकपुर

प्रश्न 61. बकरी के बच्चे को किसने पकड़ लिया ?

(A) शेर (B) बाघ

(C) भालू (D) भेड़िया

प्रश्न 62. ''हमें तो जंगल के राजा शेर ने बुलाया है। अगर आप इसे खाएँगें तो शेर आपको छोड़ेगा नहीं।''
यह कथन किसने किससे कहा –

(A) बकरी के बच्चे ने भेड़िया से (B) शेर ने बकरी से

(C) भेड़िया ने बकरी से (D) बकरी ने भेड़िया से

प्रश्न 63. आकाश में काले-काले 'बादल' छाए हैं | 'बादल' का पर्यायवाची शब्द है -

(A) धरा (B) आकाश

(C) जलज (D) मेघ

प्रश्न 64. कहानी के अंत में क्या हुआ -

(A) बकरी के बच्चे को शेर खा गया (B) बकरी अपने बच्चे को लेकर वापस आ गई

(C) बकरी का बच्चा जंगल में गम गया (D) भेड़िया मारा गया

**निर्देश : निम्नलिखित तालिका को देखकर दिए गए प्रश्नों के उत्तर में सही विकल्प पर गोला लगाइए -**

**नीरज चोपड़ा का भाला फेक में प्रदर्शन**

| वर्ष | प्रतियोगिता | स्थान | स्थिति | मीटर |
|---|---|---|---|---|
| **2016** | विश्व (अंडर 20) चैंपियनशिप | पोलैंड | 1 | 86.48 मीटर |
| **2017** | एशियन चैंपियनशिप | भुबनेश्वर इंडिया | 1 | 85.23 मीटर |
| **2018** | राष्ट्रमंडल खेल | गोल्ड कोस्ट ऑ स्ट्रेलिया | 1 | 86.47 मीटर |
| **2021** | ओलंपिक खेल | टोक्यो जापान | 1 | 87.58 मीटर |
| **2022** | विश्व चैंपियनशिप | यूजीन या संयुक्त राज्य | 2 | 88.13 मीटर |
| **2023** | विश्व चैंपियनशिप | बुडापेस्ट, हंगरी | 1 | 88.17 मीटर |

प्रश्न 65. 2016 में विश्व (अंडर 20) चैंपियनशिप में कितनी दुरी तक भाला फेका गया -

(A) 77.60 मीटर (B) 86.48 मीटर

(C) 86.47 मीटर (D) 82.26 मीटर

प्रश्न 66. ओलंपिक खेल हुआ था -

(A) गुवाहाटी (B) डोनेक्स

(C) टोक्यो (D) गोल्ड कोस्ट

प्रश्न 67. विश्व चैम्पियनशिप 2023 में नीरज चोपड़ा के द्वारा कितने मीटर भाला फेका गया -

(A) 88.13 (B) 85.23

(C) 87.58 (D) 88.17

प्रश्न 68. 2017 एशियन चैम्पियनशिप में नीरज चोपड़ा का स्थान था -

(A) 1 (B) 3

(C) 15 (D) 2

प्रश्न 69. उपरोक्त तालिका में राष्ट्रमण्डल खेल (वर्ष) आयोजित किया गया -

(A) 2017 में (B) 2018 में

(C) 2019 में (D) 2015 में

**निर्देश - दिए गए विज्ञापन को ध्यानपूर्वक देखे और दिए गए प्रश्नों के सही विकल्प पर गोला लगाइए -**




प्रश्न 70. यह कौन-से मौसम का चित्र है ?

(A) गर्मी (B) ठंड

(C) बरसात (D) बसंत

प्रश्न 71. यह किसका विज्ञापन है ?

(A) गर्मी का (B) बेल के फल का

(C) बेल के शर्बत का (D) पानी का

प्रश्न 72. बेल का शर्बत कब पीना चाहिए ?

(A) सर्दी में (B) गर्मी में

(C) बरसात में (D) किसी भी मौसम में

प्रश्न 73. बेल के शर्बत का स्वाद ?

(A) खट्टा (B) मीठा

(C) कड़वा (D) नमकीन

प्रश्न 74. सूरज का पर्यायवाची शब्द नहीं है ?

(A) भास्कर (B) बादल

(C) दिनकर (D) रवि

निर्देश - दी गई सूचना को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर में सही विकल्प पर गोला लगाइए –

**सूचना**

**शासकीय प्राथमिक शाला कांकेर**

आप सभी छात्र-छात्राओं को सूचित किया जाता है कि प्रतिवर्ष की तरह हमारी शाला में स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन किया जाना है। जिसमें गीत, नृत्य और भाषण कार्यक्रम होंगे। आप सभी से अनुरोध है कि अपने-अपने नाम एवं कार्यक्रम अपने कक्षा शिक्षक के पास लिखवा दें।

कार्यक्रम दिनांक 15.08.2023 समय - सुबह 8 बजे स्थान - शाला प्रागंण दिन – मंगलवार

**निवेदन**

**कु. कल्पना साहू**

**(सांस्कृतिक मंत्री, बाल केबिनेट)**

प्रश्न 75. यह कार्यक्रम किस दिन को होना है ?

(A) सोमवार (B) मंगलवार

(C) बुधवार (D) गुरूवार

प्रश्न 76. यह सूचना किसको दी गई है ?

(A) सभी छात्र-छात्राओं को (B) सिर्फ छात्रों को

(C) सिर्फ छात्राओं को (D) विद्यार्थियों को

प्रश्न 77. शाला में कौन-सा दिवस मानाया जा रहा है ?

(A) बाल दिवस (B) शिक्षक दिवस

(C) स्वतंत्रता दिवस (D) गणतंत्र दिवस

प्रश्न 78. 'बाल केबिनेट' का अर्थ क्या है?

(A) बच्चों का खेल दल (B) बच्चों का प्रतिनिधि मंडल

(C) बच्चों का शाला मंत्रीमंडल (D) बच्चों का सांस्कृतिक मंडल

प्रश्न 79. समारोह में कौन सा कार्यक्रम शामिल है?

(A) अंताक्षरी (B) नृत्य

(C) नाटक (D) कहानी सुनाना

**निर्देश : - गद्यांश पढ़कर प्रश्नों के सही उत्तर दीजिये -**

एक दिन रूपा छत पर बैठी थी। वह आसमान की ओर देखकर कुछ सोच रही थी। रूपा को आसमान में उड़ता हुआ एक बादल दिखा, बादल उदास लग रहा था। रूपा ने पूछा -"तुम उदास क्यों हो?"

बादल बोला-"आज मैं अकेला हूँ। कोई साथ खेलने के लिए नहीं है।'' रूपा बोली-" अरे! मैं भी अकेली हूँ चलो आओ, आज हम दोनोंमिलकर खेलें। " बादल और रूपा मिलकर खेलने लगे। बादल इतना खुश था कि वह ज़ोर –ज़ोर से हँसने लगा हा ! हा ! हा !

बादल के हँसने से पानी छलकने लगा। बरसात होने लगी। मैदान में पानी भर गया। रूपा ने कागज़ की छोटी-सी नाव बनाई। नाव पानी में तैरने लगी। रूपा और बादल बहुत खुश थे।

प्रश्न 80. रूपा कहाँ बैठी थी?

(A) आसमान (B) मैदान
(C) छत (D) नाव

प्रश्न 81. कहानी में सबसे पहले क्या हुआ ?

(A) रूपा एवं बादल मिलकर खेलने लगे। (B) रूपा और बादल बहुत खुश थे |
(C) बरसात से मैदान में पानी भर गया। (D) बादल जोर जोर से हसने लगा |

प्रश्न 82. रूपा ने कागज़ से क्या बनाया?

(A) हवाई जहाज़ (B) फिरकी
(C) तितली (D) नाव

प्रश्न 83. रूपा को आसमान में उड़ता हुआ क्या दिखा ?

(A) तारें (B) बादल
(C) पतंग (D) पक्षी

प्रश्न 84. 'उदास' शब्द का विलोम शब्द कौन-सा है ?

(A) प्रसन्न (B) रोना
(C) सोना (D) जागना

प्रश्न 85. रूपा और बादल बहुत खुश हुए, रेखांकित शब्द का समानार्थी शब्द कौन-सा है -

(A) मित्र (B) प्रसन्न
(C) उदास (D) परेशान

**निर्देश - खुशबू के विद्यालय में मध्याह्न भोजन के मीनू चार्ट को देखकर प्रश्नों के उत्तर में सही विकल्प पर गोला लगाइए -**

**मध्याह्न भोजन मीनू चार्ट**

| दिन | व्यंजन |
|---|---|
| सोमवार | चावल + अरहर दाल + सोयाबीन/मूंग की बड़ी |
| मंगलवार | पूड़ी + खीर/हलवा + सब्जी |
| बुधवार | चावल + चने की दाल + मिक्स सब्जी |
| गुरूवार | पुलाव + कढ़ी (पकोड़े युक्त) |
| शुक्रवार | चावल + मूँग की दाल + मटर/चने की सब्जी |
| शनिवार | चावल + मिक्स दाल + हरी सब्जी |
| सोमवार + बुधवार + शुक्रवार | दूध वितरण |
| मंगलवार + गुरूवार + शनिवार | गुड़ चना/मौसमी फल |

प्रश्न 86. खुशबू मौसमी फल कब खाती है ?

(A) सोमवार + मंगलवार + बुधवार
(B) सोमवार + गुरूवार + शुक्रवार
(C) बुधवार + सोमवार + शनिवार
(D) मंगलवार + गुरूवार + शनिवार

प्रश्न 87. मध्याह्न भोजन में दूध वितरण कब किया जाता है ?

(A) शुक्रवार + शनिवार + सोमवार
(B) सोमवार + बुधवार + शुक्रवार
(C) सोमवार + बुधवार + शनिवार
(D) मंगलवार + गुरूवार + शनिवार

प्रश्न 88. समूह द्वारा मंगलवार को भोजन में क्या-क्या दिया जाता है ?

(A) पूड़ी + चने की दाल + पुलाव
(B) दुध + गुड़ चना + पुलाव
(C) पूड़ी + खीर/हलवा + सब्जी
(D) खीर/हलवा + हरी सब्जी + मिक्स दाल

प्रश्न 89. विद्यार्थी शनिवार को क्या खाते है ?

(A) चावल + मिक्स दाल + हरी सब्जी
(B) चावल + चने की दाल + मिक्स सब्जी
(C) पूड़ी + खीर/हलवा + सब्जी
(D) चावल + अरहर दाल + सोयाबीन + मूँग की बड़ी

प्रश्न 90. खुशबू पुलाव और कढ़ी कब खाती है ?

(A) सोमवार को
(B) शुक्रवार को
(C) गुरूवार को
(D) शनिवार को

**निर्देश – दिए गए पत्र को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्नो के उत्तर में सही विकल्प पर गोला लगाइए –**

**दादी को पत्र**

प्यारी दादी ,

प्रणाम,

बहुत दिनों बाद आपको पत्र लिख रही हूँ। मैं यहाँ मजे से हूँ। आशा करती हूँ कि आप और दादाजी अच्छे होंगे। अब मैं कक्षा पाँचवी में आ गई हूँ। शुरू-शुरू में तो मुझे बहुत डर लगता था, क्योंकि पुस्तकें बदलने वाली थीं। अब मुझे नई पुस्तकें मिल चुकी हैं। ये पुस्तकें रंगीन हैं। इनमें मेरे पसंदीदा कार्टून की तरह सुंदर सुदंर मजेदार चित्र हैं। अच्छी अच्छी कहानियाँ, नाटक, कविताएँ आदि हैं। मुझे इन पुस्तकों से बहुत सारी नई-नई जानकारी मिलती है। मुझे इन्हें पढ़ने में खूब मजा आ रहा है।

जब आप के यहाँ आएँगी, तो सभी किताबों के बारे में विस्तार से खूब सारी बाते करेंगे।

दादाजी को सादर प्रणाम कहियेगा।

**आपके आने के इंतजार में**

**आपकी**

**रानी बिटिया**

प्रश्न 91. 'रानी बिटिया' ने किसको पत्र लिखा ?

(A) नानी को (B) दादी को

(C) माँ को (D) चाची को

प्रश्न 92. 'रानी बिटिया' कौन सी कक्षा में पढ़ रही है -

(A) चौथी कक्षा (B) पाँचवी कक्षा में

(C) छठवी कक्षा में (D) आठवीं कक्षा में

प्रश्न 93. 'किताब' का पर्यायवाची शब्द है -

(A) पुस्तक (B) पंसद

(C) मजा (D) कहानी

प्रश्न 94. रानी को किताबें मजेदार क्यों लगी ?

(A) किताबें पतली थी (B) किताबें नई थी

(C) किताबें रंगीन थी (D) किताबें बदल गई थी

प्रश्न 95. 'रानी बिटिया' को किसके आने का इंतजार है ?

(A) नानी का (B) दादा का

(C) दादी का (D) नाना का

प्रश्न 96. 'डर' का विलोमार्थी शब्द है -

(A) निर्भय (B) साहस

(C) निडर (D) निरंकुश

प्रश्न 97. पत्र के अनुसार रानी और दादी के बीच संबंध कैसा है ?

(A) दया का (B) स्नेह का

(C) डर का (D) ईर्ष्या का

प्रश्न 98. इस पत्र में रानी बिटियाँ का दादी के साथ क्या रिश्ता है -

(A) नातिन का (B) पोती का

(C) भतीजी का (D) भांजी का

**निर्देश - दी गई सूचना को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर में सही विकल्प पर गोला लगाइए –**

**सूचना**

समस्त विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 29.10.2023 को आयोजित बाल सभा में निम्नांकित गतिविधियाँ होगी। गतिविधियों में भाग लाने वाले छात्र-छात्राएँ अपना नाम, कक्षा अध्यापक को लिखवाएँ।

- गविधियों के नाम -
- कहानी
- बालगीत
- चुटकुला
- सरल कविताएँ
- नाटक

**दिन – शनिवार समय - मध्यान्ह् भोजन के उपरान्त**

**आदेशानुसार**
**प्रधानाध्यापक**
**प्रा. शाला जशपुर**

प्रश्न 99. बालसभा का आयोजन सप्ताह में कौन-से दिन किया जाता है ?

(A) सोमवार (B) मंगलवार

(C) गुरूवार (D) शनिवार

प्रश्न 100. कक्षाध्यापक के पास कौन नाम लिखवा सकता है ?

(A) सिर्फ छात्राएँ (B) सिर्फ छात्र

(C) समस्त विद्यार्थी (D) प्रधानाध्यापक

प्रश्न 101. प्रध्यानाध्यापक किन दो शब्दों से मिलकर बना है ?

(A) प्र और धानाध्यापक (B) प्रधानाध्यापक

(C) प्रधान और अध्यापक (D) अध्यापक + प्रधान

प्रश्न 102. यह सूचना क्यों निकाली गई है ?

(A) बालसभा के लिए (B) कहानी सुनाने के लिए

(C) कविता पढ़ने के लिए (D) नाटक करने के लिए

प्रश्न 103. मध्यान्ह भोजन का मतलब क्या है ?

(A) सुबह का भोजन (B) नाश्ता

(C) दोपहर का भोजन (D) रात का भोजन

**निर्देश : - कहानी पढ़कर प्रश्नों के सही उत्तर दीजिये -**

**हाथी**

एक शहर में एक हाथी रहता था। वह प्रतिदिन दोपहर को नदी में नहाने जाता था। उसके रास्ते में दर्जी की एक दुकान थी। दर्जी बहुत दयावान था। हाथी उसकी दुकान पर पहुँचकर सूँड उठाकर उसे प्रणाम करता था। दर्जी प्रतिदिन एक केला खाने के लिए देता था। एक दिन दर्जी का लड़का दुकान पर बैठा था। दर्जी उस दिन किसी काम से बाहर गया था। हाथी रोज की तरह दुकान पर आया। उसने लड़के को प्रणाम किया और केला लेने के लिए अपने सूड़ सामने की। लड़के ने उसके सूँड़ पर सुई चुभो दी। बेचारा हाथी दर्द के कारण चिघांड़ उठा। फिर उसने नदी में जाकर अपनी सूँड़ में गन्दा पानी भरा और दर्जी की दुकान पर आकर पिचकारी की तरह पानी दुकान में फेंक दिया। जिससे दर्जी के कई कपड़े खराब हो गए। दर्जी के लड़के को अपने किये का फल मिल गया।

प्रश्न 104. दर्जी का आचरण था -

(A) कठोर (B) दयावान

(C) घमंड (D) कंजूस

प्रश्न 105. कहानी में सबसे अंत में क्या हुआ ?

(A) दर्जी ने हाथी को केला खिलाया

(B) दर्जी के लडके को अपने किये का फल मिला

(C) दर्जी के लडके ने हाथी के सूड में सुई चुभाया

(D) हाथी ने सूड से गंदा पानी भरकर दुकान में फेक दिया

प्रश्न 106. हाथी दर्जी की दुकान पर पहुँचकर करता था –

(A) संवाद (B) प्रणाम

(C) पैर फैलाता था (D) कान हिलाता था

प्रश्न 107. एक दिन दर्जी दुकान पर नहीं था तो दुकान पर कौन बैठा था ?

(A) दर्जी के पिता (B) दर्जी के भाई

(C) दर्जी के चाचा (D) दर्जी का लड़का

प्रश्न 108. हाथी दर्द से क्यों चिंघाड़ उठा ?

(A) लड़के ने केला दिया (B) लड़के ने सूड में सुई चुभो दी

(C) लड़के ने कुछ नहीं दिया (D) लड़के ने हाथी को मारा

प्रश्न 109. पिचकारी का उपयोग आप कौन-से त्योहार में करते हो ?

(A) हरेली (B) दशहरा

(C) दीपावली (D) होली

**निर्देश : - प्रश्नों के सही उत्तर दीजिये -**




**सब कक्षाओं के छात्रों का स्वागत है**

**आइए क्रिकेट खेलना सीखें!**

प्रति रविवार को खेल के मैदान में

समय – छात्रों के लिए शाम – 4.00 से 6.00 बजे तक

छात्राओं के लिए सुबह – 8.00 से 10.00 बजे तक

बी.टी.आई.मैदान, शंकरनगर रायपुर

**नोट - चयनित खिलाड़ियों से ग्यारह सदस्यीय टीम तैयार की जाएगी।**

प्रश्न 110. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है-

(A) छात्र-छात्राओं का अभ्यास एक साथ होगा

(B) अभ्यास प्रतिदिवस होगा

(C) चयनित खिलाडियो में से 12 सदस्यीय टीम तैयार की जाएगी

(D) अभ्यास प्रत्येक रविवार को होगा

प्रश्न 111. छात्राओं को कितने घण्टे क्रिकेट खेलना सिखाया जाएगा -

(A) 2 घण्टे (B) 1 घण्टे

(C) 3 घण्टे (D) 4 घण्टे

प्रश्न 112. ऊपर दिया गया अंश क्या है-

(A) सूचना (B) कहानी

(C) निबंध (D) पत्र

प्रश्न 113. आदर्श क्रिकेट क्लब कौन से शहर में खोला गया -

(A) जगदलपुर (B) रायपुर

(C) अंबिकापुर (D) संबलपुर

प्रश्न 114. क्रिकेट के खेल में प्रत्येक टीम में खेलने वाले कितने खिलाड़ी होते है ?

(A) दस (B) गयारह

(C) बारह (D) तेरह

**निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर में सही विकल्प पर गोला लगाइए -**

जंगल में एक हरसिंगार (परिजात) का पेड़ था। उसके फूलों के सुगंध से सारा जंगल सुगंधित रहता था। उसे अपने आप से संतोष नही था। वह अपने एकाकी जीवन से दुखी था।

एक दिन उसे महुआ के पेड़ से मित्रता करने का विचार आया। पास ही खड़े महुआ से कहा - ' मुझे आपसे मित्रता करनी है।' महुआ ने कहा मुझे मंजूर है। फिर दोनों साथ-साथ फलने-फूलने लगे। एक दिन एक लकड़हारा महुआ की छाँव में बैठ गया। महुआ ने पूछा 'क्यों भाई, तुम इस तरह उदास क्यों बैठे हो ? तुम्हें कौन-सा दुःख है ? लकड़हारा बोला - भाई मैं सूखी लकड़ियाँ बेचकर जीवन निर्वाह करता हूँ। घूमते- घूमते दोपहर हो गई लेकिन अभी तक कोई सूखा पेड़ नहीं मिला, इसी कारण चिन्तित हूँ।' महुआ ने कहा - इसमें चिंता की क्या बात है ? तुम मेरे हिस्से से कुछ टहनियाँ काट लो। तभी आवाज आई - रूको ! लकड़हारे भाई, महुआ को छोड़ दो, तुम मेरे पेड़ की कुछ टहनियाँ काट लो। उनकी दोस्ती देखकर लकड़हारा चला गया।

प्रश्न 115. हरसिंगार और महुआ से हमने क्या सीखा ?

(A) नुकसान पहुचाँना (B) फायदा पहुँचाना
(C) आपसी प्रेम करना (D) घृणा करना

प्रश्न 116. जंगल का पर्यायवाची शब्द कौन-सा है ?

(A) कानन (B) बादल
(C) जलज (D) नीर

प्रश्न 117. एकाकी शब्द का अर्थ बताइए ?

(A) खुश (B) फलना-फूलना
(C) दुखी (D) अकेला

प्रश्न 118. सच्चे दोस्तों में कौन-सी भावना होनी चाहिए -

(A) नफरत की भावना (B) बदले की भावना
(C) लालच की भावना (D) त्याग की भावना

प्रश्न 119. मित्रता शब्द में प्रत्यय कौन-सा होगा -

(A) मित्र (B) मि
(C) त्रता (D) ता

**निर्देश : - कहानी पढ़कर प्रश्नों के सही उत्तर दीजिये -**

"भारत का चमकता सितारा नीरज चोपड़ा" जन्मतिथि 24 दिसम्बर 1997 ट्रेक एडं फील्ड एथलेटिक प्रतिस्पर्धा (जेवलीन थ्री) में भाला फेकने वाले खिलाड़ी हैं। नीरज ने 87.58 मीटर भाला फेककर टोक्यो ओलम्पिक 2021 में गोल्ड मेडल जीतकर इतिहास रचा है। अभिनव बिन्द्रा शुटिंग के पश्चात व्यक्तिगत स्पर्धा में ओलम्पिक खेल में गोल्ड मेडल प्राप्त करने वाले दूसरे भारतीय है। इन दो स्पर्धा के अतिरिक्त सामूहिक खेल हॉकी में भी भारत के द्वारा ओलम्पिक में गोल्ड प्राप्त किया है।

नीरज चोपड़ा अकेले ऐसे खेल भारतीय है। जिन्होंने ट्रेक एडं फील्ड में विश्व चेम्पियनशिप 2023 में गोल्ड मेडल जीता है। जिन्होंने 2022 में अरेगन में आयोजित विश्व चौम्पियनशिप में सिल्वर मेडल (रजत पदक) एवं अंजु बॉबी जार्ज ने 2003 में पेरिस में आयोजित विश्व एथलेटिक्स चौम्पियन में ब्रोन्ज मेडल (कास्य पदक) प्राप्त किया है।

प्रश्न 120. नीरज चोपड़ा ओलम्पिक में व्यक्तिगत स्पर्धा में गोल्ड मेडल पाने वाले भारतीय है -

(A) प्रथम (B) द्वितीय
(C) चतुर्थ (D) तृतीय

प्रश्न 121. ट्रेक एडं फील्ड में ओलम्पिक में गोल्ड मेडल प्राप्त करने वाले भारतीय -

(A) द्वितीय (B) चतुर्थ
(C) प्रथम (D) तृतीय

प्रश्न 122. भारत किन-किन खेलों में ओलम्पिक में गोल्ड मेडल प्राप्त किया है -

(A) शुटिंग, भाला फेक, क्रिकेट (B) फुटबाल, हॉकी, भाला फेक
(C) शुटिंग, भाला फेक, हॉकी (D) क्रिकेट, फुटबाल, शुटिंग

प्रश्न 123. ट्रेक एण्ड फील्ड विश्व चैम्पियनशिप में भारत के द्वारा कितने पदक प्राप्त किये है -

(A) दो (B) तीन
(C) चार (D) एक

प्रश्न 124. भाला फेक में उपयोग किया जाता है -

(A) भाला (B) तवा
(C) गोला (D) तारगोला

प्रश्न 125. भाला फेक स्पर्धा है -

(A) सामूहिक खेल (B) व्यक्तिगत खेल
(C) उपरोक्त दोनों (D) उपरोक्त में से कोई भी नहीं

**निर्देश - नीचे दिए गए अनुच्छेद को पढ़कर समझकर दिए गए प्रश्नों के सही विकल्प पर गोला लगाइए** –

कम्प्यूटर वर्तमान समय का बहुत ही महत्वपूर्ण उपकरण है। इसके उपयोग से समय और मेहनत दोनों की बचत होती है। कम्प्यूटर दिखने में बॉक्स जैसे आकार का उपकरण है। इसमें टेलीविजन जैसी एक स्क्रीन होती है जिसे 'मॉनीटर' कहते है। इसके साथ ही एक टाइपराइटर जैसा 'यंत्र' की 'बोर्ड' होता है। जिससे हम सूचनाओं को कम्प्यूटर में प्रविष्ट कराते है और इसकी सहायता से कम्प्यूटर को जो निर्देश दिए जाते है उनका परिणाम स्क्रीन पर दिखाई देने लगता है। इस परिणाम को कागज पर छापने के लिए प्रिंटर का प्रयोग किया जाता है। कम्प्यूटर में स्क्रीन पर ऑब्जेक्ट को सिलेक्ट करने या खोलने के लिए माउस का प्रयोग किया जाता है। बच्चे इस पर कई प्रकार के गेम्स भी खेल सकते हैं।

प्रश्न 126. वह उपकरण कौन-सा है जिसके उपयोग से गणना, पढ़ना, लिखना और अन्य कार्य सहज व सरल हो गए है -

(A) ए.सी. (B) प्रेस
(C) पंखा (D) कम्प्यूटर

प्रश्न 127. किसकी सहायता से स्क्रीन पर ऑब्जेक्ट को सलेक्ट करते है -

(A) माउस से (B) स्क्रीन से
(C) मॉनिटर से (D) प्रिंटर से

प्रश्न 128. 'मेहनत' शब्द का समानार्थी शब्द कौन-सा है -

(A) खर्च (B) श्रम
(C) प्रकार (D) रूपया

प्रश्न 129. 'मानिटर' किसे कहते है -

(A) स्क्रीन यंत्र (B) टाइपराइटरनुमा यंत्र
(C) टेलीविजन नुमा यंत्र (D) प्रिंटर

प्रश्न 130. कम्प्यूटर सूचनाओं को कागज पर किसके द्वारा छापते है -

(A) मॉनिटर द्वारा (B) की बोर्ड द्वारा
(C) माउस द्वारा (D) प्रिंटर द्वारा

**निर्देश - नीचे दिए गए अनुच्छेद को पढ़कर समझकर दिए गए प्रश्नों के सही विकल्प पर गोला लगाइए**

मनीषा गाँव के अमीर लोगों के खेतों में काम करती थी। लेकिन वह न तो अपने को गरीब समझती थी, और न ही मालिको का अहसान मानती थी। वह अपना काम करती, काम खत्म होने पर घर आ जाती और बुदबुदाती रहती - ''क्यूँ उनका बचा-खुचा खाऊँ मैं ? मैं तो बढ़िया खाना खाऊँगी। शाम को हरे पत्तेवाली भाजी (साग) और चावल और बढ़िया तुअर की दाल। सभी घरवालों के साथ बैठकर खाऊँगी।''

प्रश्न 131. यह अनुच्छेद किसके बारे में है ?

(A) रइसों के बारे में
(B) एक लड़की के बारे में
(C) खेतों के बारे में
(D) खाने के बारे में

प्रश्न 132. मनीषा कहाँ काम करती थी ?

(A) अपने घर में
(B) दूसरों के खेतों में
(C) अपने खेतों में
(D) सब्जी की दुकान में

प्रश्न 133. मनीषा को क्या पसंद नहीं था ?

(A) मेहनत करना
(B) अच्दा खाना
(C) दूसरों का बचा खुचा खाना
(D) अच्छी बातें करना

प्रश्न 134. शब्द ''गरीब'' है ''अमीर'' का -

(A) पर्यायवाची
(B) समानार्थी
(C) विलोम
(D) निरर्थक

प्रश्न 135. मनीषा का स्वभाव है ?

(A) लालची
(B) आलसी
(C) घमंडी
(D) स्वाभिमानी

प्रश्न 136. 'अमीर' शब्द का पर्यायवाची शब्द कौन सा है?

(A) गरीब
(B) निर्धन
(C) दबंग
(D) रईस

**निर्देश - नीचे दिए गए अनुच्छेद को पढ़कर समझकर दिए गए प्रश्नों के सही विकल्प पर गोला लगाइए –**

किसी भी देश की सीमाओं की सुरक्षा का दायित्व उसकी सेना पर होता है। भारतीय सेना के तीन अंग हैं - थलसेना, वायुसेना, नौसेना। नौसेना का अर्थ है - जलसेना, थलसेना के सैनिक भूमि अर्थात् थल पर युद्ध करते हैं। थलसेना में सैनिको की संख्या सबसे अधिक होती है। एक तरफ हिमालय की ठिठुराने वाली सर्दी और दूसरी तरफ तेल तूफानों में शरीर की परवाह न करते हुए सेना के वीर सिपाही हरदम चौकस रहकर अपने देश की सीमाओं की रखा करते हैं।

प्रश्न 137. भारतीय सेना के कितने अंग है ?

(A) 2 (B) 3
(C) 4 (D) 5

प्रश्न 138. देश की सीमाओं की सुरक्षा की जिम्मेदारी किसी होती हैं ?

(A) नेताओं की (B) चिकित्सकों की
(C) जनता की (D) सेना की

प्रश्न 139. ''दायित्व'' का समानार्थी हैं ?

(A) दायक (B) लापरवाही
(C) जिम्मेदारी (D) भागीदारी

प्रश्न 140. भूमि पर कौन सी सेना युद्ध करती है ?

(A) जलसेना (B) नौसेना
(C) थलसेना (D) वायुसेना

प्रश्न 141. ''तेज तूफान'' में ''तेज'' शब्द है ?

(A) संज्ञा (B) सर्वनाम
(C) क्रिया (D) विशेषण

प्रश्न 142. हिमालय का पर्यायवाची शब्द हैं -

(A) हिमगिरी (B) पर्वत
(C) पहाड़ (D) पट

प्रश्न 143. ''शरीर'' का समानार्थी शब्द कौन-सा हैं -

(A) तन (B) थल
(C) जल (D) वीर

**//सारणी//**

| क्र. | उत्सव | तिथि | विशेषता |
|---|---|---|---|
| 1 | रक्षाबंधन | श्रावण पूर्णिमा | बहन भाई की कलाई पर राखी बांधते है। |
| 2 | हरियाली | श्रावण अमावस्या | किसान अपने कृषि यंत्रों की पूजा करते हैं गैड़ी चढ़ते है। यह छ.ग. का प्रथम त्यौहार है। |
| 3 | दीपावली | कार्तिक अमावस्या | घर-घर दीप जलते हैं, धन की देवी की पूजा होती है। |
| 4 | होली | फाल्गुन पूर्णिमा | होलिका दहन के बाद रंग गुलाल से उत्सव मनाते है। |
| 5 | छेरछेरा | पौष पूर्णिमा | घर-घर जाकर अन्न का दान मांगते हैं और अन्न का दान करते है। |

प्रश्न 144. भाई-बहन का त्यौहार कौन-सा है ?

(A) हरितालिका (B) होली
(C) छेर-छेरा (D) रक्षाबंधन

प्रश्न 145. सभी घर-घर पर जा कर अन्न दान मांगते हैं -

(A) होली में (B) दीपावली में
(C) छेरछेरा में (D) तीजा में

प्रश्न 146. होली कब मनाई जाती है ?

(A) पौष पूर्णिमा में (B) श्रावण पूर्णिमा में
(C) श्रावण अमावस्या में (D) फाल्गुन पूर्णिमा में

प्रश्न 147. दीपावली के दिन पूजा होती है -

(A) शिवजी की (B) बरसा देवता की
(C) धन की देवी की (D) विद्या की देवी की

प्रश्न 148. छत्तीसगढ़ का पहला त्यौहार कौन-सा है -

(A) दीपावली (B) होली
(C) हरियाली (D) छेरछेरा

**//आमंत्रण//**

मान्यवर,

अत्यंत हर्ष का विषय है कि हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी बसंत उत्सव का आयोजन किया जा रहा है जिसमें आप सादर आमंत्रित हैं।

**स्थान - प्राथमिक शाला मैदान**

**दिनांक – 26 जनवरी 2023**

| **क्रं.** | **समय** | **कार्यक्रम- विवरण** |
|---|---|---|
| 1 | सुबह 10.00 बजे से 1030 तक | अतिथि आगमन एवं स्वागत |
| 2 | 1030 से दोपहर 1.00 बजे तक | खेल प्रतियोगिता<br>1. एकल- (दौड़, जलेबी दौड़, कुर्सी दौड़, आलू दौड़)<br>2. सामुहिक-कबड्डी, खो-खो, रिले-रेस |
| 3 | 1.00 से 2.00 तक | भोजनावकाश |
| 4 | 2.00 से 3.00 तक | विविध प्रतियोगिताएँ (रंगोली, मेंहदी, चित्रकला) |
| 5 | 3.00 से 4.30 तक | सांस्कृतिक प्रतियोगिता (नृत्य, गीत, कविता, नाटक) |
| 6 | 4.30 से 5.00 तक | पुरस्कार वितरण (मुख्य अतिथि द्वारा) |
| 7 | 5.00 से 5.30 तक | आभार-समापन |

**विनीत**
**प्रधान पाठक एवं**
**समस्त शाला परिवार**
**शंकरनगर रायपुर (छ.ग.)**

प्रश्न 149. यह किस प्रकार की पाठ्य सामग्री है ?

(A) सूचना पत्र (B) आवेदन पत्र
(C) आमंत्रण पत्र (D) प्रार्थना पत्र

प्रश्न 150. पत्र के आधार पर बताइये कौन से उत्सव का आयोजन हो रहा है ?

(A) गणतंत्र उत्सव (B) खेल उत्सव
(C) सांस्कृतिक उत्सव (D) बसंत उत्सव

प्रश्न 151. बसंत उत्सव का आयोजन कहाँ हो रहा है ?

(A) ग्राम पंचायत में (B) सामुदायिक भवन में
(C) प्राथमिक शाला मैदान (D) मिडिल स्कूल मैदान में

प्रश्न 152. यदि तुम जलेबी दौड़ में भाग लेकर प्रथम स्थान प्राप्त कर लेते हो तो तुम्हें पुस्कार कितने समय मिलेगा।

(A) 10:30 बजे (B) 1:00 बजे
(C) 04:30 बजे (D) दो दिन बाद

प्रश्न 153. यदि तुमने नाटक में भाग लिया है, तो तुम्हारी बारी कब आयेगी ?

(A) 10.00 से 1.00 के बीच (B) 1.00 से 2.00 के बीच

(C) 3.00 से 4.30 के बीच (D) 5.00 के बाद

प्रश्न 154. प्रतिवर्ष 26 जनवरी को कौन-सा पर्व मनाया जाता है -

(A) गणतंत्र दिवस (B) शिवरात्री


(C) बंसत पंचमी (D) स्वतंत्रता दिवस

| प्रश्न क्रं | उत्तर | प्रश्न क्रं | उत्तर | प्रश्न क्रं | उत्तर | प्रश्न क्रं | उत्तर | प्रश्न क्रं | उत्तर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **1** | **B** | **36** | **D** | **71** | **C** | **106** | **B** | **141** | **D** |
| **2** | **D** | **37** | **A** | **72** | **B** | **107** | **D** | **142** | **A** |
| **3** | **C** | **38** | **A** | **73** | **B** | **108** | **B** | **143** | **A** |
| **4** | **C** | **39** | **A** | **74** | **B** | **109** | **D** | **144** | **D** |
| **5** | **C** | **40** | **B** | **75** | **B** | **110** | **D** | **145** | **C** |
| **6** | **D** | **41** | **A** | **76** | **A** | **111** | **A** | **146** | **D** |
| **7** | **C** | **42** | **B** | **77** | **C** | **112** | **A** | **147** | **C** |
| **8** | **D** | **43** | **A** | **78** | **C** | **113** | **B** | **148** | **C** |
| **9** | **C** | **44** | **C** | **79** | **B** | **114** | **B** | **149** | **C** |
| **10** | **A** | **45** | **D** | **80** | **C** | **115** | **C** | **150** | **D** |
| **11** | **D** | **46** | **D** | **81** | **A** | **116** | **A** | **151** | **C** |
| **12** | **C** | **47** | **B** | **82** | **D** | **117** | **D** | **152** | **C** |
| **13** | **C** | **48** | **D** | **83** | **B** | **118** | **D** | **153** | **C** |
| **14** | **D** | **49** | **A** | **84** | **A** | **119** | **D** | **154** | **A** |
| **15** | **B** | **50** | **C** | **85** | **B** | **120** | **B** | | |
| **16** | **D** | **51** | **B** | **86** | **D** | **121** | **C** | | |
| **17** | **A** | **52** | **B** | **87** | **B** | **122** | **C** | | |
| **18** | **A** | **53** | **C** | **88** | **C** | **123** | **B** | | |
| **19** | **C** | **54** | **A** | **89** | **A** | **124** | **A** | | |
| **20** | **D** | **55** | **C** | **90** | **C** | **125** | **B** | | |
| **21** | **B** | **56** | **D** | **91** | **B** | **126** | **D** | | |
| **22** | **D** | **57** | **B** | **92** | **B** | **127** | **A** | | |
| **23** | **B** | **58** | **A** | **93** | **A** | **128** | **B** | | |
| **24** | **D** | **59** | **A** | **94** | **C** | **129** | **C** | | |
| **25** | **D** | **60** | **C** | **95** | **C** | **130** | **D** | | |
| **26** | **C** | **61** | **D** | **96** | **C** | **131** | **B** | | |
| **27** | **D** | **62** | **D** | **97** | **B** | **132** | **B** | | |
| **28** | **A** | **63** | **D** | **98** | **B** | **133** | **C** | | |
| **29** | **C** | **64** | **B** | **99** | **D** | **134** | **C** | | |
| **30** | **D** | **65** | **B** | **100** | **C** | **135** | **D** | | |
| **31** | **A** | **66** | **C** | **101** | **C** | **136** | **D** | | |
| **32** | **A** | **67** | **D** | **102** | **A** | **137** | **B** | | |
| **33** | **B** | **68** | **A** | **103** | **C** | **138** | **D** | | |
| **34** | **B** | **69** | **B** | **104** | **B** | **139** | **C** | | |
| **35** | **A** | **70** | **A** | **105** | **D** | **140** | **C** | | |

**कक्षा – 6 (Preparatory Level)** **विषय – हिंदी**

विद्यालय का नाम - ______________________________

विद्यार्थी का नाम - ______________________________


● केवल नीले या काले बॉल पाइंट पेन का उपयोग करें।
● स्याही या जेल पेन का उपयोग न करें।
1. ओ.एम.आर. शीट में उत्तर भरते समय गोलों को उसी प्रकार गहरा करें जैसा दर्शाया गया है।


उत्तर भरने का सही तरीका

उत्तर भरने का गलत तरीका

2. लिखे हुए उत्तर पर दोबारा कुछ न लिखें अन्यथा उसे गलत उत्तर मान लिया जायेगा।
3. कृपया ओ.एम.आर. शीट को मोड़े या फाड़े नहीं।

UDISE School Code

Student ID


Student's Id

Student's Aadhaar Number

Year of Admission

Section

Social Group: SC 1, ST 2, OBC 3, GEN 4

CWSN: LD 1, VI 2, HI 3, S&LD 4, ID 5, OthD 6

Test Form

Medium

Candidate's Signature

Invigilator's Signature

**Section B: - Responses to be filled by students**

| Q.no | Responses | Q.no | Responses | Q.no | Responses | Q.no | Responses | Q.no | Responses | Q.no | Responses |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | A B C D | 29 | A B C D | 57 | A B C D | 84 | A B C D | 112 | A B C D | 140 | A B C D |
| 2 | A B C D | 30 | A B C D | 58 | A B C D | 85 | A B C D | 113 | A B C D | 141 | A B C D |
| 3 | A B C D | 31 | A B C D | 59 | A B C D | 86 | A B C D | 114 | A B C D | 142 | A B C D |
| 4 | A B C D | 32 | A B C D | 60 | A B C D | 87 | A B C D | 115 | A B C D | 143 | A B C D |
| 5 | A B C D | 33 | A B C D | 61 | A B C D | 88 | A B C D | 116 | A B C D | 144 | A B C D |
| 6 | A B C D | 34 | A B C D | 62 | A B C D | 89 | A B C D | 117 | A B C D | 145 | A B C D |
| 7 | A B C D | 35 | A B C D | 63 | A B C D | 90 | A B C D | 118 | A B C D | 146 | A B C D |
| 8 | A B C D | 36 | A B C D | 64 | A B C D | 91 | A B C D | 119 | A B C D | 147 | A B C D |
| 9 | A B C D | 37 | A B C D | 65 | A B C D | 92 | A B C D | 120 | A B C D | 148 | A B C D |
| 10 | A B C D | 38 | A B C D | 66 | A B C D | 93 | A B C D | 121 | A B C D | 149 | A B C D |
| 11 | A B C D | 39 | A B C D | 67 | A B C D | 94 | A B C D | 122 | A B C D | 150 | A B C D |
| 12 | A B C D | 40 | A B C D | 68 | A B C D | 95 | A B C D | 123 | A B C D | 151 | A B C D |
| 13 | A B C D | 41 | A B C D | 69 | A B C D | 96 | A B C D | 124 | A B C D | 152 | A B C D |
| 14 | A B C D | 42 | A B C D | 70 | A B C D | 97 | A B C D | 125 | A B C D | 153 | A B C D |
| 15 | A B C D | 43 | A B C D | 71 | A B C D | 98 | A B C D | 126 | A B C D | 142 | A B C D |
| 16 | A B C D | 44 | A B C D | 72 | A B C D | 99 | A B C D | 127 | A B C D | 143 | A B C D |
| 17 | A B C D | 45 | A B C D | 73 | A B C D | 100 | A B C D | 128 | A B C D | 144 | A B C D |
| 18 | A B C D | 46 | A B C D | 74 | A B C D | 101 | A B C D | 129 | A B C D | 145 | A B C D |
| 19 | A B C D | 47 | A B C D | 75 | A B C D | 102 | A B C D | 130 | A B C D | 146 | A B C D |
| 20 | A B C D | 48 | A B C D | 76 | A B C D | 103 | A B C D | 131 | A B C D | 147 | A B C D |
| 21 | A B C D | 49 | A B C D | 77 | A B C D | 104 | A B C D | 132 | A B C D | 148 | A B C D |
| 22 | A B C D | 50 | A B C D | 78 | A B C D | 105 | A B C D | 133 | A B C D | 149 | A B C D |
| 23 | A B C D | 51 | A B C D | 79 | A B C D | 106 | A B C D | 134 | A B C D | 150 | A B C D |
| 24 | A B C D | 52 | A B C D | 80 | A B C D | 107 | A B C D | 135 | A B C D | 151 | A B C D |
| 25 | A B C D | 53 | A B C D | 81 | A B C D | 108 | A B C D | 136 | A B C D | 152 | A B C D |
| 26 | A B C D | 54 | A B C D | 82 | A B C D | 109 | A B C D | 137 | A B C D | 153 | A B C D |
| 27 | A B C D | 55 | A B C D | 83 | A B C D | 110 | A B C D | 138 | A B C D | 154 | A B C D |
| 28 | A B C D | 56 | A B C D | 84 | A B C D | 111 | A B C D | 139 | A B C D | | |